**समय : २.०० घंटे** **पूर्णांक : ६०**

**सूचना : १. सभी प्रश्न अनिवार्य है।**
**२. उत्तर पत्रिका में प्रश्न क्रमांक, उप-प्रश्न क्रमांक अवश्य लिखें।**

**प्रश्न १. निम्नलिखित में से किन्ही दो अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। (२०)**

(क) "महाराज, तुम इस बखत न बोलो। मैं आज इसकी बान छुड़ाकर तब दम लूँगा। मैं जितना ही तरह देता हूँ, उतना ही यह सिर चढ़ती जाती है।"

(ख) मैंने महात्मा जी के अनेक गुणों को अपने भीतर ले आने का संकल्प कई बार किया है। संकल्पों की सच्चाई के बारे में मुझे रत्तीभर भी संदेह नहीं है। पर बड़ी जल्दी मैं विचलित हो गया हूँ। मेरे जैसे और लोग भी दुनिया में होंगे। मैंने अनुभव किया है कि बड़ी बातों का जीवन में उतार लेना भी तपःसाध्य है। केवल संकल्प मात्र से कुछ नहीं होता। कठोर संयम और मानसिक अनुशासन के बिना मनुष्य किसी भी सद्गुण को नहीं अपना सकता।

(ग) "तुम चली जाओगी तो फुलकारी कौन बनाएगा, साहब से तुम्हारे सामने ही फुलकारी देने का इकरार किया है।"

**प्रश्न २. निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (३०)**

(च) 'गोदान' उपन्यास के शिल्प विधान पर विस्तार से प्रकाश डालिए।

(छ) 'संस्कृतियों का संगम' निबंध के आधार पर भारतीय संस्कृति के क्रमबद्ध विकास को रेखांकित कीजिए।

(ज) उषा प्रियंवदा कृत 'वापसी' कहानी में घर परिवार से अलगाव और आतंरिक पीड़ा को किस प्रकार से दर्शाया गया हैं, समीक्षा कीजिए।

**प्रश्न ३. (ट) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। (०५)**

i) गोदान की डॉक्टर मालती किस वर्ग का प्रतिनिधित्व करती है?
ii) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी शिरीष वृक्ष को किस संज्ञा से सुशोभित करते हैं?
iii) 'ठाकुरजी की बटोर' निबंध में ठाकुर जी का मंदिर उपेक्षित क्यों है?
iv) मधुलिका किस कहानी की पात्र हैं?
v) 'दहलीज' कहानी के रचनाकार कौन हैं?



XROYADMINY0AB465XROYADMINY0AB465XROYADMINY0AB465XROYADMINY0AB465

**प्रश्न३.(ठ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए।** **(०५)**

i) होरी के पास पहले कुल कितने बीघे जमीन थी?
अ. सात बीघा आ. दो बीघा इ. पांच बीघा ई. चार बीघा

ii) किसान और मजदूर आजीवन किस पहाड़ के नीचे दबे नजर आते हैं?
अ. शोषण आ. अनैतिकता इ. अपसंकृति ई. कुसंस्कार

iii) 'केतुदर्शन' निबंध में हस्त नक्षत्र के पास किस केतु का उदय हुआ?
अ. तारा आ. चलकेतु इ. निर्धूम ई. धुमकेतु

iv) 'भगवान महाकाल का कुंठ नृत्य' निबंध में चुटकी बजाके कितने वर्षों की संस्कृति को उड़ाया नहीं जा सकता?
अ. पांचसौं वर्षों की। आ. सातसौं वर्षों की। ई. नौ सौं वर्षों की। ई. हजारों वर्षों की।

v) 'मनोरी' किस कहानी की पात्र हैं?
अ. काला बाप, गोरा बाप आ. अपराध इ. मलबे का मालिक ई. दहलीज

**********



XROYADMINY0AB465XROYADMINY0AB465XROYADMINY0AB465XROYADMINY0AB465